## खबर संक्षेप



### आशा-ऊषा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन, आंदोलन की दी चेतावनी

**उमरियापान।** आशा ऊषा कार्यकर्ता महिला संगठन ने आशा एवं ऊषा कार्यकर्ताओं का पिछले तीन माह से लंबित भुगतान शीघ्र कराने की मांग उठाई है। भुगतान की मांग को लेकर कार्यकर्ताओं ने उमरियापान में मंगलवार को प्रदर्शन किया। इस संबंध में संगठन द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन प्रेषित किया गया है। कार्यकर्ताओं ने बताया कि पिछले तीन माह से आशा एवं ऊषा कार्यकर्ताओं को मानदेय और अन्य देयकों का भुगतान नहीं हुआ है। भुगतान लंबित रहने से कार्यकर्ताओं की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है। उन्हें परिवार के भरण-पोषण में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य सेवाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, इसके बावजूद समय पर भुगतान नहीं होना चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि शीघ्र भुगतान नहीं किया गया तो जिला मुख्यालय में बड़ी संख्या में आशा एवं ऊषा कार्यकर्ता एकत्रित होकर ज्ञापन सौंपेंगी।

### सीईओ ने पंचायत सचिवों को किया इधर उधर

**उमरियापान।** जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर ने जिले की 44 ग्राम पंचायतों में पदस्थ पंचायत सचिवों को इधर से उधर भेजा है। इसी क्रम में ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत की मंगेली ग्राम पंचायत में पदस्थ पंचायत सचिव मनीष रंजन मिश्रा का ग्राम पंचायत पोंडी खुर्द तबादला किया है। ठिर्री में पदस्थ सुशील बर्मन की गोपालपुर जबकि पिपरिया सहलावन ग्राम पंचायत के सचिव अनिल दीक्षित को बहोरीबंद के ग्राम पंचायत भरदा बड़खेरा भेजा है। देवरी मंगेला सचिव उत्तम चंद पटेल को बहोरीबंद की छपरा पंचायत और खाम्हा पंचायत सचिव दीनू साहू को बहोरीबंद के सलैया कुआं में पदस्थ किया है। इसके अलावा बहोरीबंद की छपरा पंचायत के सचिव विजय कोरी को ढीमरखेड़ा की पिपरिया सहलावन जबकि रीठी जनपद की घुड़हर ग्राम पंचायत में पदस्थ सचिव सुरेंद्र हल्दकार को भूला और रीठी जनपद की बरयापुर पंचायत में पदस्थ सोमनाथ पटेल को ढीमरखेड़ा की महगवां बड़खेरा पंचायत में पदस्थ किया है।

### कार्यों में लापरवाही पर एपीओ के पारिश्रमिक की होगी कटौती

**कटनी।** जल गंगा संवर्धन अभियान एवं मनरेगा के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों की पूर्णता एवं श्रमिक नियोजन में निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध न्यून प्रगति एवं प्रतिवाद समाधान कारक नहीं पाए जाने पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने सख्त कार्यवाही करते हुए जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ की मनरेगा की अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती नीतू सिंह चौहान को भविष्य के लिए सचेत कर तत्काल प्रभाव से दो दिवस के पारिश्रमिक कटौती करने का आदेश किया है। जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर द्वारा जारी आदेश के मुताबिक जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत 890 निर्माण कार्यों के विरुद्ध 256 कार्य पूर्ण एवं 295 कार्य भौतिक रूप से पूर्ण किया जाना पाया गया। इनमें 50 कार्य ऐसे हैं जिन पर 30% से कम खर्च होने के बावजूद मनरेगा पोर्टल पर पूर्ण एवं भौतिक रूप से पूर्ण किया जाना पाया गया। 7 अप्रैल से 12 मई 2026 के बीच मात्र 66 श्रमिकों का आधार ई-केवाईसी कराए गए। वित्तीय वर्ष 2026-27 के अप्रैल एवं मई माह में 938 कार्य प्रगतिरत होने के बावजूद मात्र 3991 मानव दिवस सृजित किए गए। समीक्षा बैठक के दिन 23 ग्राम पंचायतों में कोई भी लेबर नियोजन नहीं पाया गया। सीईओ ने कार्रवाई करते हुए दो दिन के पारिश्रमिक कटौती का आदेश किया।

## कलेक्टर के निर्देश पर परिवहन विभाग ने चलाया अभियान

# नियमों की अनदेखी पर प्रशासन की सख्ती, बिना परमिट-फिटनेस के दौड़ रहीं दो बसें और ट्रक जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



सड़क सुरक्षा को लेकर कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में परिवहन विभाग ने अवैध रूप से संचालित वाहनों के विरुद्ध सख्त अभियान चलाया। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पॉल के नेतृत्व में चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान के दौरान बिना वैध दस्तावेजों के संचालित हो रहे वाहनों पर कार्रवाई करते हुए एक मालवाहक ट्रक और दो यात्री बसों को जब्त किया गया। विशेष अभियान के तहत कटनी जिले के प्रमुख मार्गों एवं चेकिंग प्वाइंटों पर दर्जनों यात्री और मालवाहक वाहनों की गहन जांच की गई। परिवहन विभाग की टीम ने वाहनों के परमिट, फिटनेस प्रमाण-पत्र, टैक्स भुगतान, बीमा और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की विस्तृत पड़ताल की। जांच के दौरान तीन वाहन गंभीर अनियमितताओं के साथ संचालित होते पाए गए, जिनके विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की गई।

जांच के दौरान ट्रक क्रमांक सीजी 12 बीएफ 9019 को रोककर दस्तावेजों की जांच की गई। जांच में सामने आया कि वाहन बिना वैध परमिट एवं फिटनेस प्रमाण-पत्र के संचालित किया जा रहा था। इतना ही नहीं, वाहन का कर वर्ष 2025 से जमा नहीं किया गया था। परिवहन नियमों के गंभीर उल्लंघन को देखते हुए ट्रक को तत्काल जब्त कर थाना बरही में सुरक्षित अभिरक्षा में रखा गया। विभाग द्वारा वाहन स्वामी के विरुद्ध नियमानुसार आगे की वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

कटनी बायपास मार्ग पर जांच के दौरान यात्री बस क्रमांक डी एल 1पी सी 4743 को रोका गया, जो कटनी से बरही की ओर जा रही थी। मंगलवार की दोपहर 2:35 बजे हुई जांच में बस बिना वैध परमिट के संचालित पाई गई। चालक और परिचालक जांच के समय कोई वैध परमिट प्रस्तुत नहीं कर सके। बाद में वाहन स्वामी द्वारा ऑनलाइन माध्यम से दोपहर 2:51 बजे परमिट जारी कराया गया, लेकिन जांच के समय वाहन बिना परमिट संचालित पाया गया था। इसे नियमों का स्पष्ट उल्लंघन मानते हुए बस को जब्त कर थाना कुठला में सुरक्षित रखा गया तथा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ की गई।

### जबलपुर मार्ग पर भी पकड़ी गई अवैध यात्री बस

अभियान के दौरान एक अन्य यात्री बस क्रमांक सीजी 10 जी 0816 की जांच की गई, जो कटनी-जबलपुर मार्ग पर संचालित हो रही थी। दस्तावेजों की जांच में पाया गया कि बस बिना वैध परमिट के यात्रियों का परिवहन कर रही थी। नियमों के विपरीत संचालन पाए जाने पर बस को तत्काल जब्त कर यातायात थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया। वाहन संचालक के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पॉल ने कहा कि सड़क सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। बिना परमिट, फिटनेस, कर भुगतान अथवा अन्य आवश्यक दस्तावेजों के वाहन संचालन करने वालों के विरुद्ध जिले में लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने वाहन स्वामियों और संचालकों से अपील की कि वे अपने सभी दस्तावेज अद्यतन रखें तथा परिवहन नियमों का पूर्ण पालन करें।

परिवहन विभाग का यह विशेष अभियान आगामी दिनों में और अधिक व्यापक स्तर पर जारी रहेगा। विभाग का उद्देश्य अवैध रूप से संचालित वाहनों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना, दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम करना तथा आम नागरिकों के लिए सुरक्षित और व्यवस्थित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करना है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन संचालकों के विरुद्ध जब्ती, चालानी कार्रवाई और अन्य वैधानिक कार्यवाही लगातार जारी रहेगा।

## वृद्ध के खाते से जालसाजों ने एक लाख रूपये किये पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

माधवनगर थाना क्षेत्र के डेहरू लाइन एसीसी के रहने वाले एक बुजुर्ग साइबर ठगी का शिकार हो गए हैं। ठगों ने मोबाइल के जरिए उनके बैंक खाते से एक लाख रुपये से अधिक की रकम पार कर दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार डेहरू लाइन निवासी 67 वर्षीय बुजुर्ग सुनील कुमार पंथ के साथ यह धोखाधड़ी हुई है।

बताया जा रहा है कि 4 जून से 8 जून 2026 के बीच अज्ञात जालसाजों ने मोबाइल के माध्यम से उनसे संपर्क साधा। शातिरों ने बुजुर्ग को अपने झांसे में लिया और किस्तों में उनके खाते से कुल 1,00,240 रुपये उड़ा लिए। जब बुजुर्ग को अपने साथ हुई इस बड़ी ठगी का अहसास हुआ तो उन्होंने तुरंत इसकी शिकायत पुलिस में दर्ज कराई। फरियादी सुनील कुमार पंथ की शिकायत पर माधवनगर पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस ने मामले की डायरी सायबर सेल को सौंप दी है। अब मोबाइल नंबर के सीडीआर और बैंक ट्रांजैक्शन ट्रेल के जरिए ठगों के ठिकाने का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## किसानों को अब तक हुआ 463 करोड़ रूपये से अधिक का भुगतान

**कटनी।** जिले में समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूँ के लिए किसानों को अब तक 463.66 करोड़ रूपये का भुगतान किया जा चुका है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने अधिकारियों को किसानों की शेष लंबित राशि का भुगतान शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। जिले में इस साल समर्थन मूल्य पर पिछले साल की तुलना में 42.42 फीसदी अधिक गेहूँ की खरीदी की गई है। इस वर्ष 37 हजार 76 किसानों से 1 लाख 98 हजार 501 मीट्रिक टन रिकॉर्ड गेहूँ समर्थन मूल्य पर खरीदा गया है। जबकि बीते साल 1 लाख 39 हजार 381 मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन ही किया गया था। रबी विपणन वर्ष 2026-27 में किसानों से 2585 रूपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य एवं राज्य सरकार द्वारा घोषित 40 रूपये प्रति क्विंटल बोनस राशि सहित 2625 रूपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं का भुगतान किया जा रहा है।

*बीआरसी ने परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण, विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने प्रभारियों को दिये निर्देश*

## 9 जन शिक्षा केंद्र स्तरों में 5वीं, 8वीं की पुनः परीक्षा में 256 विद्यार्थी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



बोर्ड पैटर्न पर आयोजित की गई कक्षा पांचवीं एवं आठवीं की परीक्षा में अनुत्तीर्ण रहे विद्यार्थियों का समय व वर्ष खराब न जाये इसके लिये राज्य शिक्षा केंद्र की ओर से एक अवसर दिया गया जिसके तहत 5 वी 8 वी की पुन परीक्षा 16 जून मंगलवार से शुरू हुई।

पुनः परीक्षा में मंगलवार को 5 वी 8वी कक्षा में बहोरीबंद विकासखंड के 715 विद्यार्थियों को शामिल होना था, लेकिन प्रथम प्रश्न पत्र मे 256 विद्यार्थी ही उपस्थित हुए। प्रथम प्रश्न पत्र 5 वी व 8 वी दोनों का हिंदी विषय का रहा। बहोरीबंद विकासखण्ड में बाकल, सिहुंडी, कौड़िया, बहोरीबंद, कुआं, बचैया, देवरी, तेवरी व स्लीमनाबाद जन शिक्षा केंद्रों को परीक्षा केंद्र बनाया गया। बीएसी अमित पांडेय ने बताया कि 16 जून से शुरू हुई पुन परीक्षा 23 जून तक चलेगी! कक्षा पांचवीं में हिंदी, अंग्रेजी, गणित, एवं पर्यावरण की परीक्षा होगी। कक्षा आठवीं में हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान विषयों की परीक्षा ली जाएगी! प्रश्न पत्रों के लिए रही सुदृढ व्यवस्था -5 वी ओर 8 वी की पुन परीक्षा मै राज्य शिक्षा केंद्र की ओर से सुदृढ व्यवस्था बनाई गई! परीक्षा केंद्रों मै ही आन द स्पाट राज्य शिक्षा केंद्र की वेबसाइट को खोलकर प्रश्न पत्र निकाले गए ओर परीक्षार्थियों को वितरण किया! परीक्षा केंद्रों मै ही प्रश्न पत्र मिलने की सुविधा से शिक्षकों को भी परेशानी नहीं हुई।

### इनका कहना है

बीआरसीसी प्रशांत मिश्रा ने बताया कि परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया जहाँ पुन परीक्षा मे विद्यार्थियों की कम संख्या होने के चलते शाला प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए है कि विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाये जिससे सभी विद्यार्थी परीक्षा शामिल हो व समय खराब होने से बच सके।

## जन कल्याण शिविर में योजनाओं की दी जानकारी



केन्द्र एवं राज्य शासन के माध्यम से संचालित विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम कटनी द्वारा निगम कार्यालय परिसर में आयोजित तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर का द्वितीय दिवस मंगलवार को सम्पन्न हुआ। शिविर के प्रथम एवं द्वितीय दिवस में विभिन्न विभागों द्वारा आमजन को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए हितग्राही मूलक योजनाओं के आवेदन प्राप्त किए गए। जनकल्याण शिविरों में नागरिकों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन, ट्रेड लाइसेंस, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की योजनाएं, समग्र ई-केवाईसी, खाद्यान्न पात्रता पर्ची, श्रमिक पंजीयन सहित विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं, अविवादित संपत्तियों के नामांतरण एवं हस्तांतरण, नो-ड्यूज प्रमाण पत्र जारी करने, नवीन नल एवं सीवर कनेक्शन, हैंडपंप एवं ट्यूबवेल सुधार, भवन अनुज्ञा, भवन पूर्णता प्रमाण पत्र, आवासीय भवन निर्माण स्वीकृति, निर्माण श्रमिकों का पंजीयन तथा मृत्यु की स्थिति में अनुग्रह सहायता संबंधी स्टॉल लगाए जाकर नागरिकों से आवेदन प्राप्त किए गए।

## 7 जुआरी गिरफ्तार, 1.43 लाख का मशरूका जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



माधवनगर थाना क्षेत्र के ठरका डेम के समीप जंगल में जुआफड़ चल रहा था। पुलिस को इसकी सूचना मिलने पर योजनाबद्ध तरीके से दबिश दी। पुलिस को देखकर जुआरियों के होश उड़ गये और भागने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने 7 आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से नगदी सहित मोटरसाइकिल और मोबाइल बरामद किए हैं, जिनकी कुल कीमत करीब 1.43 लाख रुपये बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार माधवनगर पुलिस को सूचना मिली थी कि ठरका डेम के नीचे जंगल में कुछ लोग सार्वजनिक स्थान पर ताश के पत्तों पर हार-जीत का दाव लगा रहे हैं। सूचना की तस्दीक करते हुए पुलिस टीम ने शाम करीब 7:00 बजे मौके पर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर वहां भगदड़ की स्थिति निर्मित हो गई, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मौके से 7 आरोपियों को धर दबोचा। पकड़े गए जुआरियों में सुनील चतुर्वेदी 51 वर्ष निवासी पिपरिया थाना एन.के.जे., राकेश निषाद 50 वर्ष निवासी माधवनगर, पिंटू यादव, निवासी सिंघनपुरी, शेख शाहिद 19 वर्ष निवासी सिंघनपुरी, राजेश कुशवाहा 50 वर्ष निवासी सिमरा थाना एन.के.जे., रहीश 28 वर्ष, शेख जान मोहम्मद, विजय राय, निवासी देवरीहटाई एक अन्य आरोपी कमल नामदेव निवासी देवरीहटाई का नाम भी मामले से जुड़ा है।

पुलिस ने जुआरियों के कब्जे और फड़ से कुल 8,400 रुपये नगद तथा 52 ताश के पत्ते बरामद किए। इसके अलावा, जुआरियों के पास से 4 एंड्रॉयड व कीपैड मोबाइल जब्त किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत 35,000 रुपये है। मौके से पुलिस ने दो मोटरसाइकिलें भी जब्त की हैं, जिनमें एक सफेद रंग की एक्टिवा MP 21 S 1131 और एक डीलक्स MP 21 ME 3849 शामिल हैं। जब्त किए गए कुल मसरूका की कीमत 1,43,400 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

*नये शिक्षण सत्र का हुआ शुभारंभ, स्कूलों में दिखी चहल पहल*

## विद्यार्थियों को तिलक लगाकर कराया गया प्रवेश, पाठ्य पुस्तकें की वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



राज्य शिक्षा केन्द्र के आदेशानुसार बहोरीबंद विकासखण्ड क्षेत्र के शासकीय व निजी स्कूलो मैं भी नवीन शिक्षा सत्र वर्ष 2026-27 का आगाज मंगलवार से हुआ।एक बार फिर स्कूलों मे घंटी बजी ओर विद्यार्थियों की चहल -पहल देखने को मिली। स्कूलो में शिक्षको के द्वारा विद्यार्थियों को तिलक वंदन कर प्रवेश दिया गया।साथ ही विद्यार्थियों को पुस्तके वितरण की गई।

स्लीमनाबाद मे संकुल प्राचार्य डीएस ठाकुर ने विद्यार्थियों को तिलक लगाकर प्रवेश दिया व पुस्तके वितरण की साथ ही सरकारी स्कूल मे पालक अपने बच्चों का प्रवेश कराये इसके लिए गांव जागरूकता रैली निकाली।जिसमे विद्यार्थियों के द्वारा स्कूल चले आगे बढ़े के नारे लगाकर जागरूक किया। विद्यार्थियों के साथ स्कूल प्रवेशोत्सव के समय अभिभावक भी पहुँचे। इस दौरान जन शिक्षक डॉ दिलीप त्रिपाठी, जन शिक्षक अखिलेश पांडेय सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे! ठीक इसी प्रकार एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला सिहुडी मै विद्यार्थियों को तिलक लगाकर प्रवेश दिलाया गया साथ ही पुस्तकें भी वितरित की गईं।

बहोरीबंद विकासखंड की शासकीय प्राथमिक शाला महगवां ओर नैगवा मै छोटे -बडो का आपसी स्नेह देखने को मिला! जब आँगनबाड़ी केंद्र के बच्चें कक्षा पहली मै प्रवेश के लिए स्कूल पहुंचें तो दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों ने उनका स्वागत कर प्रवेश दिलाया। इसके साथ ही बहोरीबंद विकासखंड के सभी विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन पुनः प्रारंभ हो गया है। विद्यार्थियों में भी उत्साह देखने मिला। सभी शासकीय व निजी विद्यालयों में निर्धारित समय पर सभी विद्यार्थी अपनी-अपनी कक्षाओं में पहुंचकर अध्यापन कार्य प्रारंभ किया।

प्रवेशोत्सव पर विद्यार्थियों के साथ अभिभावक भी विद्यालय पहुंचे हुए थे। इस दौरान कई विद्यालयों में विद्यार्थियों को पुस्तकों का भी वितरण किया गया।बीआरसी प्रशांत मिश्रा ने बताया कि डेढ़ माह के ग्रीष्म कालीन अवकाश समाप्त होने के बाद नवीन शैक्षणिक सत्र का संचालन मंगलवार से हो गया।

## महिलाओं को डेयरी एवं जैविक कृषि फार्म का कराया गया भ्रमण

# वर्मी कम्पोस्ट के निर्माण एवं उपयोग की दी गई तकनीकी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



मध्य प्रदेश शासन के ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण रोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) कटनी द्वारा स्व-सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी क्रम में विकासखंड रीठी के ग्राम पंचायत भवन परौहापिपरिया में 35 महिलाओं को 13 दिवसीय कृषि उद्यमी प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### कराया शैक्षणिक भ्रमण

प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रबंधक पवन कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक सुनील रजक के सहयोग से आयोजित हुआ। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को स्वरोजगार के विभिन्न अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से श्याम श्री गौसंरक्षण गौशाला एवं जैविक कृषि फार्म, तेवरीका का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया।

### दी गई विस्तृत जानकारी

भ्रमण के दौरान जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे ने महिलाओं को वर्मी कम्पोस्ट (केंचुआ खाद) निर्माण की सामान्य एवं चार गड्ढा विधि, वर्मी वॉश निर्माण एवं उसके फसलों में उपयोग की विस्तृत जानकारी दी। वहीं कृषक पवन कुमार पांडे ने गौशाला प्रबंधन के अंतर्गत साहिवाल, गिर और हरियाणा नस्ल की गायों की विशेषताएं, दूध उत्पादन, संतुलित पशु आहार, नेपियर घास, तथा गोबर-गोमूत्र के जैविक खेती में उपयोग की जानकारी दी। साथ ही पशुओं में होने वाले रोग, उनके नियंत्रण एवं टीकाकरण के बारे में भी विस्तार से बताया।

### खाद के उपयोग बताये

महिलाओं को बायोगैस संयंत्र के माध्यम से खाद एवं ईंधन के उपयोग की जानकारी दी गई। इसके अलावा एजोला उत्पादन का अवलोकन कराया गया, जिसमें 25–30 प्रतिशत प्रोटीन होने के कारण इसे दूध उत्पादन बढ़ाने में उपयोगी बताया गया। धान की खेती में इसके उपयोग से नाइट्रोजन की आवश्यकता में एक तिहाई तक कमी आती है।

प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को केंचुआ खाद निर्माण की तकनीकी जानकारी, उससे होने वाली वार्षिक आय तथा केंचुआ बेड की संरचना का भी व्यावहारिक अवलोकन कराया गया।

कार्यक्रम के सफल संचालन में संस्था के कर्मचारी अनुपम पांडे, राजेश विश्वकर्मा, ओमप्रकाश तिवारी सहित फार्म के कर्मचारी एवं अन्य सहयोगी उपस्थित रहे।

### आत्मनिर्भर बनने प्रेरित

इस प्रशिक्षण एवं भ्रमण से महिलाओं में स्वरोजगार के प्रति जागरूकता बढ़ी है वे डेयरी एवं जैविक खेती के माध्यम से आत्म निर्भर बनने की दिशा में प्रेरित हुई हैं।

## 15 लीटर कच्ची शराब जब्त, खेत में बनी भट्टी को कराया गया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



ढीमरखेड़ा पुलिस ने कच्ची शराब जब्त की है। 16 जून को थाना प्रभारी ढीमरखेड़ा महिमा रघुवंशी को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कचनारी निवासी एक व्यक्ति अपने खेत में अवैध हाथ भट्टी से महुआ शराब का निर्माण कर विक्रय कर रहा है। सूचना की तस्दीक एवं कार्रवाई के लिए सहायक उप निरीक्षक विजेन्द्र तिवारी, प्रधान आरक्षक मनोज सिंह तथा आरक्षक गंधर्व की टीम द्वारा मौके पर दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान आरोपी पुरन पिता शुक्रल सिंह 40 वर्ष, निवासी ग्राम कचनारी के कब्जे से 15 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद कर जप्त की गई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया। साथ ही आरोपी के खेत में संचालित अवैध हाथ भट्टी एवं शराब निर्माण में प्रयुक्त सामग्री को नष्ट किया गया। मौके पर लगभग एक क्विंटल महुआ लाहन भी नष्ट कराया गया। कार्रवाई में शामिल पुलिस बलसहायक उप निरीक्षक विजेन्द्र तिवारी, प्रधान आरक्षक मनोज सिंह एवं आरक्षक गंधर्व की रही उपस्थिति।

**खबर संक्षेप**

### फांसी लगाकर दो व्यक्तियों ने की खुदकुशी

**कटनी।** विजयराघवगढ़ एवं रीठी थाना क्षेत्र में दो व्यक्तियों द्वारा फांसी लगाकर खुदकुशी किये जाने की घटना सामने आई है। पुलिस के अनुसार रीठी थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम टोला गोदाना में 55 वर्षीय शिवचरण लोधी ने खेत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना कर मर्ग कायम किया है। इसी तरह विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सलैया पहरहाई में 26 वर्षीय दस्सी कोल ने अपने ही घर में फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### जहरीले पदार्थ के सेवन से युवक की मौत

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत गल्ला मंडी निवासी 27 वर्षीय नीरज चौधरी पिता सोमनाथ चौधरी ने सोमवार दोपहर करीब 2:54 बजे किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर उसे मंडी पहरूआ स्थित शासकीय अस्पताल ले जाया गया, जहाँ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अस्पताल के वार्डब्वॉय वीरेंद्र समुर्दे की सूचना पर कुठला पुलिस ने मर्ग दर्ज किया है।

### सचिव और जीआरएस को शोकाज नोटिस जारी

**सिलौंडी।** ढीमरखेड़ा के मंगल भवन में बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह , कलेक्टर आशीष तिवारी, एसपी अभिनय विश्वकर्मा जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता संतोष दुबे ,मंडल अध्यक्ष अजय सोनी , मनीष सिंह बागरी,नरेंद्र त्रिपाठी से क्षेत्र के जन प्रतिनिधि की मौजूदगी शिविर में बहुत ही कम संख्या में कुल 70 आवेदन जमा हुए जबकि 72 ग्राम पंचायत होने से हर पंचायत से 2 या 3 आवेदन होने पर संख्या 200 से की चाहिए था । शासन के आदेश पर 15, 16 और 18 जून 2026 को जनकल्याण शिविर आयोजित हो रहे हैं, जिनमें जनता की समस्याओं का निराकरण होना है। जनपद पंचायत सी ओ युजुवेंद्र कोरी ने 12.06.2026 के पत्र द्वारा निर्देश दिया गया था कि पंचायत क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार और मुनादी कराकर लोगों को शिविर की जानकारी दें और हितग्राहियों को सुबह 10:00 बजे उपस्थित कराएं। परंतु आज 15 जून को शिविर के दौरान जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने पाया कि न तो कोई जानकारी दी गई, न मुनादी कराई गई, न ही लोगों को सूचना दी गई। जनपद पंचायत सीईओ ने सचिव और रोजगार सहायक का नोटिस कटकर उनसे जवाब मांगा है।

### बिना सूचना या जानकारी दिए लग रहे आधार पंजीयन कैंप

**सिलौड़ी।** उप तहसील भवन में जिला प्रशासन को देखने हेतु सिर्फ कागज में आधार कार्ड पंजीयन कैंप लगाया जा रहा है। ना किसी शासकीय संस्था या ग्रामीणों को सूचना या जानकारी दिए अपने मन मर्जी के अनुसार अभी भी सिर्फ फोटो दिखाकर आधार कार्ड पंजीयन कैंप पूरे हो रहे है ।बुजुर्ग और बच्चे आधार कार्ड अपडेट को भटक रहे है और जिसको आधार कार्ड पंजीयन कैंप लगाने का जिम्मा मिला वह सिर्फ फोटो दिखाकर कैप की औपचारिकता कर रहे हैं। नायब तहसीलदार भवन से कई माह से सिर्फ आधार कार्ड पंजीयन कैंप की फोटो दिखाया जा रहा है पर वास्तविक रूप में एक भी आधार कार्ड पंजीयन सिलौंडी में नही हो रहा है ।ग्रामीण ने जल्द से जल्द सिलौंडी में आधार कार्ड पंजीयन केंद्र शुरू करने की मांग किया साथ ही यदि आधार कार्ड पंजीयन कैंप भी लगता तो सिलौंडी सहित आस पास के गांव में सूचना देने की मांग किया है।

### फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन 27 जुलाई को

**कटनी।** नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 के पूर्व में जारी कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। अब प्रारूप मतदाता सूची में दावे-आपत्ति 25 जून तक लिये जायेंगे। दावे-आपत्तियों का निराकरण 2 जुलाई तक किया जायेगा। फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 27 जुलाई को किया जायेगा।

---

**निगम के प्रमुख प्रोजेक्टों की टाइमलाइन करें निर्धारित, प्रगति के फोटोग्राफ्स रोजाना करें प्रस्तुत**

# जर्जर भवनों को गिराने एवं अवैध मैरिज गार्डनों को सील करने की करें कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



निगम आयुक्त तपस्या परिहार ने समय सीमा की बैठक के दौरान नगर निगम के विभिन्न विभागों की कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में विभागवार कार्यों, शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति, जनहित से जुड़े मुद्दों एवं पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में निगमायुक्त ने सीएम हेल्पलाइन की विभिन्न शाखाओं की लंबित एवं 50 एवं 100 दिवस की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने महापौर जनसुनवाई के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर शिकायतों के त्वरित निराकरण पर विशेष ध्यान देने को कहा।

अमृत योजना के तहत नगर में चल रहे पाइपलाइन विस्तार एवं सीवर के कार्यो की प्रगति की समीक्षा के दौरान उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव ने जानकारी दी की अमृत-1 के तहत सागर पुलिया का रेस्टोरेशन कार्य 3 दिन में पूर्ण कर लिया जायेगा। जिस पर निगमायुक्त ने नगर के अन्य स्थानों पर चल रहे कार्यों के रेस्टोरेशन कार्य में गति लाने तथा रोजाना की प्रगति की फोटोग्राफी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त नें नाले नालियों एवं खतरनाक स्थलों का निरीक्षण कर वर्षा पूर्व ढकवानें की कार्यवाही करनें तथा सड़कों के गढडों का पेंचवर्क वर्षा पूर्व करानें, जगन्नाथ चौक से घंटाघर मार्ग के शेष कार्य में आ रही समस्याओं का निराकरण कराने के साथ ही ऐसे प्रकरण जिनमें जिनमें निविदा एवं दर स्वीकृति की कार्यवाही हो चुकी है किन्तु अभी तक प्रारंभ नही किये गए है उनपर प्राथमिकता से कार्यवाही करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

निगमायुक्त ने होटल, स्कूल, कोचिंग संस्थान सहित नियमानुसार अन्य संस्थानों में फायर सेफ्टी के प्रावधानों की जांच प्रक्रिया में प्रगति लाने, नगर में संचालित अन्य अवैध मैरिज गार्डन को सील करने, अनुज्ञा विपरीत निर्माण कार्यों की जांच कर कंपाउंडिंग की कार्यवाही प्रस्तावित करने, जन सुरक्षा के मद्देनजर जर्जर भवनों के प्रकरणों पर कार्यवाही करने तथा न्यायालयीन एवं आयोग के पत्रों, सीएम मॉनिट, सीएम हाउस एवं लोकायुक्त के प्रकरणों पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए।

पात्र हितग्राहियों को आई.एच.एच.डी.पी भवनों के आवंटन हेतु अनाधिकृत रूप से निवासरत लोगों की जांच की समीक्षा के दौरान कार्यवाही की गति धीमी होने पर नाराजगी व्यक्त की जाकर कार्य में गति लाने अन्यथा की दिशा में संबंधित अधिकारी कर्मचारी पर कार्यवाही करने की हिदायत निगमायुक्त ने दी।

निगमायुक्त ने बैराज में जल की उपलब्धता सहित नगर के विभिन्न माध्यमों से होने वाली पेयजल आपूर्ति की समीक्षा करते हुए निगमायुक्त ने भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए नागरिकों को सुचारू आपूर्ति व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही अवैध नल कनेक्शन पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त नें निगम प्रशासन के माध्यम से संचालित किये जाने वाले शासन के विभिन्न बड़े प्रोजेक्टों को समय-सीमा से प्रारंभ कर पूर्ण करने हेतु मुख्य प्रोजेक्टों की टाईमलाईन निर्धारित करनें के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित प्रोजेक्टों पर प्रत्येक स्टेप की कार्यवाही, डीपीआर, स्वीकृति की तिथि सहित प्रस्तुत करनें तथा स्वीकृति अवधि उपरांत निविदा, निविदि समिति की बैठक आदि की विस्तृत जानकारी का उल्लेख करनें के निर्देश दिए।

# जिले में 9,979 मीट्रिक टन से अधिक उर्वरक उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

खरीफ सीजन की बुआई को देखते हुए जिले में किसानों को खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। ई-विकास (वितरण एवं कृषि उर्वरक आपूर्ति) प्रणाली के तहत ई-टोकन के माध्यम से उर्वरकों का वितरण पूरी पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है।

कलेक्टर आशीष तिवारी ने उपसंचालक कृषि को निर्देश दिए हैं कि बिना ई-टोकन के किसी भी स्थिति में खाद का वितरण न किया जाए, ताकि व्यवस्था में पारदर्शिता बनी रहे और किसी प्रकार की अनियमितता न हो।

उप संचालक किसान कल्याण विभाग के अनुसार जिले में वर्तमान में 9,979 मीट्रिक टन से अधिक उर्वरक उपलब्ध है। इसमें 5,530 मीट्रिक टन यूरिया, 734 मीट्रिक टन डीएपी एवं टीएसपी, 929 मीट्रिक टन एनपीके, 2,684 मीट्रिक टन एसएसपी तथा 100 मीट्रिक टन एमओपी शामिल है।

नई व्यवस्था के तहत किसानों की जमीन (खसरा नंबर) और बोई गई फसल के आधार पर सॉफ्टवेयर द्वारा खाद की मात्रा निर्धारित की जाएगी। इससे जरूरत से ज्यादा खाद के भंडारण और कालाबाजारी पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सकेगा। साथ ही किसान घर बैठे पोर्टल पर विभिन्न केंद्रों पर उपलब्ध खाद के स्टॉक की जानकारी भी प्राप्त कर सकेंगे।

किसान अपनी सुविधा के अनुसार प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां (पैक्स), डबल लॉक केंद्र, निजी विक्रेताओं, एमपी ऑनलाइन केंद्र और कॉमन सर्विस सेंटर से ई-टोकन प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा "बलराम" मोबाइल ऐप के माध्यम से भी ई-टोकन प्राप्त किया जा सकता है।

### मरम्मत कार्यों में गुणवत्ता, समय सीमा पर करें फोकस

**कटनी।** शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के स्वीकृत मेजर मरम्मत कार्यों में गुणवत्ता, नियत समय सीमा और दस्तावेजीकरण पर विशेष फोकस करें। बरसात के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए निर्माण कार्यों की पूर्णता यथाशीघ्र हो यह ध्यान देने की आवश्यकता है। जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने जिला खनिज प्रतिष्ठान मद से स्वीकृत प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में स्वीकृत मेजर मरम्मत कार्यों को नियत समय सीमा में गुणवत्ता पूर्ण कराए जाने हेतु बैठक में अधिकारियों-कर्मचारियों से कहीं।

---

**समूहों में विभिन्न प्रयोगों से प्राप्त किया व्यवहारिक अनुभव**

# विज्ञान शिक्षक, व्याख्याता एवं प्रयोगशाला सहायकों को दिया गया प्रायोगिक प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



शैक्षणिक सत्र 2026-27 की शुरुआत से ही विद्यालयों में विज्ञान विषय के प्रायोगिक कार्यों को अनिवार्य रूप से संचालित करने के उद्देश्य से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) कटनी में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी राजेश अग्रहरी के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण का संयोजन डाइट प्राचार्य एम.पी. डुंगडुंग द्वारा किया गया।

प्रशिक्षण में जिले के 233 विज्ञान शिक्षक, व्याख्याता एवं प्रयोगशाला सहायकों ने सहभागिता की। प्रतिभागियों ने भौतिकी, रसायन एवं जीवविज्ञान विषयों के विभिन्न प्रयोगों को छोटे-छोटे समूहों में स्वयं कर व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया।

प्रशिक्षण के पश्चात जिले के सभी हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी विद्यालयों में प्रायोगिक कार्यों के सुव्यवस्थित संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। इनमें प्रयोगशाला व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण, टाइम टेबल के अनुसार नियमित प्रयोग, प्रयोगशाला सहायकों एवं विज्ञान शिक्षकों के बीच समन्वय, तथा विद्यार्थियों को समयानुसार सामग्री उपलब्ध कराना शामिल है। कक्षा 9, 10 एवं 11 के लिए सप्ताह में एक दिन तथा कक्षा 12 के लिए सप्ताह में तीन दिन प्रायोगिक कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

विद्यालयों में प्रयोगशाला की दीवारों पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने वाले चित्र प्रदर्शित करने, विषयवार प्रयोगों की सूची (लॉग बुक) लगाने तथा प्रयोगशाला का नियमित रखरखाव करने पर भी जोर दिया गया है। प्रयोगशाला सहायक के अनुपस्थित होने की स्थिति में विज्ञान शिक्षक द्वारा कार्यों का निर्वहन करने के निर्देश भी दिए गए हैं। डाइट कटनी द्वारा व्हाट्सएप समूहों का गठन कर विद्यालयों में संचालित प्रायोगिक गतिविधियों एवं नवाचारों को साझा करने का आग्रह किया गया है। सभी विद्यालयों को 30 जून तक प्रयोगशालाओं को व्यवस्थित कर आवश्यक उपकरणों की पूर्ति सुनिश्चित करने तथा जुलाई माह से प्रायोगिक कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं।

निरीक्षणकर्ताओं को विद्यालय भ्रमण के दौरान प्रायोगिक गतिविधियों की ऑन-द-स्पॉट मॉनिटरिंग कर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों एवं प्रयोगशाला सहायकों की रिपोर्ट डाइट को भेजने हेतु निर्देशित किया गया है।

**विकास कार्यों की समीक्षा, निर्माण कार्यों को स्वीकृति**




नगर परिषद कैमोर द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत जीरो वेस्ट थीम पर जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि की हैसियत से सांसद वीडी शर्मा एवं विजयराघवगढ़ क्षेत्र के विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक मौजूद रहे। जनकल्याण शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इस दौरान हितग्राहियों को स्वीकृत राशि के चेक एवं प्रमाण-पत्र वितरित किए गए तथा योजनाओं से संबंधित जानकारी प्रदान कर अधिकाधिक पात्र व्यक्तियों तक लाभ पहुंचाने का संदेश दिया गया। नगर परिषद की बैठकशिविर उपरांत सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा एवं विधायक श्री संजय सत्येन्द्र पाठक ने नगर के जनप्रतिनिधियों तथा नगर परिषद के अधिकारियों के साथ विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की। विभिन्न वार्डों में आवश्यक निर्माण कार्यों एवं विकास योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर विधायक श्री पाठक द्वारा नगर के समग्र विकास हेतु 32 निर्माण कार्यों के लिए लगभग 5 .50 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान किए जाने की जानकारी दी गई तथा विकास कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

---

# शादी का प्रलोभन देकर युवती का कई सालों तक शोषण करने का आरोप, कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बड़वारा थाना क्षेत्र निवासी युवती ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर 10 वर्षों तक शारीरिक शोषण करने, धोखे से गर्भपात कराने और बाद में जान से मारने की कोशिश का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा को लिखित शिकायत सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़िता का आरोप है कि प्रताड़ना और जानलेवा हमले के प्रयास की शिकायत लेकर जब वह स्थानीय थाना पुलिस के पास पहुंची तो उसे वहां से न्याय नहीं मिला। पुलिस की उदासीनता के कारण आरोपियों के हौसले बुलंद हैं और वे खुलेआम घूम रहे हैं। स्थानीय स्तर पर सुनवाई न होने से परेशान होकर ही पीड़िता को एसपी कार्यालय के चक्कर काटने पर मजबूर होना पड़ा।

पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए शिकायती पत्र के अनुसार 24 वर्षीय पीड़िता ने बताया कि प्रभात पटेल पिछले 10 सालों से उसे शादी का झांसा दे रहा था। इस दौरान आरोपी ने उसके साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता का आरोप है कि इस बीच वह कई बार गर्भवती भी हुई, लेकिन आरोपी ने उसकी जानकारी के बिना धोखे से कोई दवा (गोली) देकर उसका बच्चा गिरवा दिया, जिससे उसका स्वास्थ्य लगातार खराब रहने लगा। शिकायत के मुताबिक, 17 दिसंबर 2025 को दोनों काम करने के सिलसिले में अहमदाबाद चले गए थे और वहां एक ही स्थान पर साथ रह रहे थे। इसके बाद 2 फरवरी 2026 को घर में रिश्तेदारों की शादी होने के कारण दोनों वापस अपने गांव लौटे। पीड़िता का आरोप है कि वापस लौटने के बाद आरोपी के माता-पिता, भाई और भाभी मिलकर उसकी दूसरी शादी कराने का प्रयास करने लगे। जब पीड़िता को इस बात की भनक लगी और उसने इसका कड़ा विरोध किया तो आरोपी प्रभात पटेल ने उसे दिलासा दिया कि वह शादी नहीं कर रहा है और घरवाले उस पर जबरदस्ती दबाव बना रहे हैं।

शिकायती पत्र में पीड़िता ने कहा है कि आरोपी ने उसे बहाने से अपने घर बुलाया, जहां उसे खत्म करने की कोशिश की गई। स्थानीय स्तर पर पुलिस द्वारा कोई ठोस कदम न उठाए जाने के बाद आखिरकार पीड़िता ने 16 जून को एसपी ऑफिस पहुंच शिकायती पत्र सौंपा।

**आयुक्त ने निगम कार्यालय का निरीक्षण कर दिये दिशा निर्देश**

# शिकायतों के त्वरित निराकरण एवं आधुनिक व्यवस्था को विकसित करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नागरिकों की निगम कार्यालय से संबंधित शिकायतों का आसानी से निराकरण किये जाने हेतु निगम कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम का निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने सोमवार शाम औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कंट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली नागरिक शिकायतों के पंजीयन, संधारण एवं निराकरण प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त सुश्री ने पाया कि वर्तमान में नागरिकों से प्राप्त शिकायतों का संधारण एवं रिकॉर्ड संधारित करने का कार्य एक्सेल शीट के माध्यम से किया जा रहा है। इस पर निगमायुक्त ने शिकायत प्रबंधन प्रणाली को और अधिक प्रभावी, तकनीकी रूप से सक्षम एवं व्यवस्थित बनाने पर बल देते हुए व्यवस्थित एवं आधुनिक कंट्रोल रूम विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम ऐसा हो, जहां शिकायतों का ऑनलाइन पंजीयन, ट्रैकिंग, मॉनिटरिंग एवं निराकरण की अद्यतन जानकारी एकीकृत रूप से उपलब्ध हो सके।

निगमायुक्त ने कंट्रोल रूम के कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कंट्रोल रूम में प्राप्त प्रत्येक शिकायत को संबंधित विभागों को तत्काल प्रेषित कर समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए लंबित प्रकरणों पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि नागरिकों को त्वरित राहत मिल सके। निगमायुक्त ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य नागरिकों की प्राप्त शिकायतों का प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करना है। इसके लिए तकनीक आधारित प्रणाली विकसित करना आवश्यक है। जिस हेतु सुव्यवस्थित, आधुनिक एवं नागरिक-केंद्रित कंट्रोल रूम आवश्यक हैं। निगमायुक्त ने वर्षा ऋतु के मद्देनजर जलभराव, नाली सफाई, पेयजल आपूर्ति एवं विद्युत संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान ही सुशासन की पहचान है। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी सहित कंट्रोल रूम के कर्मचारी अक्षय दुबे एवं नेहा गर्ग उपस्थित रहे।

---

**विधायक, कलेक्टर और एसपी की मौजूदगी में आयोजित हुआ शिविर**

# दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल एवं विद्यार्थियों को साइकिलों का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



पात्र हितग्राहियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने तथा आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में लगातार जनकल्याण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।इसी क्रम में सोमवार को विकासखण्ड ढीमरखेड़ा में आयोजित तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर के पहले दिन 70 आवेदन पंजीकृत किए गए। शिविर में विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह, कलेक्टर आशीष तिवारी और पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा की विशेष मौजूदगी रही।

विधायक श्री सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुरक्षा और सुशासन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है। सरकार की योजनाओं से गांव, गरीब, किसान, महिला, युवा और व्यापारियों को सीधा लाभ मिला है। विधायक ने कहा कि जनकल्याण शिविर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 12 वर्ष के सफल सुशासन का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य शासन की 110 जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक एक ही स्थान पर पहुंचाना है। कलेक्टर श्री तिवारी ने अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनकल्याण शिविर में ग्रामीणजनों को विभागों के अधिकारियों द्वारा संचालित जन हितैषी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई।

विधायक, कलेक्टर श्री तिवारी और एसपी ने जनकल्याण शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए स्टालों का निरीक्षण किया ।महिला बाल विकास विभाग के स्टॉल में देशी व्यंजनों के स्वाद का जायका लिया। इसके बाद अन्य विभागों के द्वारा लगाए गए स्टालों का भी अधिकारियों ने निरीक्षण किया।

विधायक श्री सिंह और कलेक्टर श्री तिवारी ने पात्र दिव्यांगो को ट्राईसाइकिल और स्कूल के छात्रों साइकिल प्रदान किया। इसके अलावा हितग्राहियों को संबल योजना की अनुग्रह राशि, लाड़ली लक्ष्मी योजना के आश्वासन प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए गए। शिविर में आधार कार्ड से संबंधित समस्याओं के निराकरण का भी स्टाल लगाया गया था और आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए।

### 18 जून तक लगेगा शिविर

इस तीन दिवसीय शिविर का आयोजन 16 जून और 18 जून को भी किया जायेगा। शिविर में एसडीएम निधि सिंह गोहल,जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता संतोष दुबे, जनपद सीईओ यजुवेंद्र कोरी,बीएमओ डॉ बीके प्रसाद,आशीष चौरसिया, नरेंद्र त्रिपाठी , अजय सोनी , मनीष बागरी ,प्रशांत राय, सहित विभागों के जिला अधिकारी और विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी , जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



# उद्योगपति पर जमीन में कब्जा करने किसान ने लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

बड़वारा तहसील क्षेत्र के ग्राम चाँदन निवासी किसान हरिप्रसाद पाण्डेय पुत्र ओमकार प्रसाद पाण्डेय ने कटनी के उद्योगपति ललित कुमार मित्तल पर उनकी जमीन पर कब्जा किये जाने व दबंगई से बाउंड्रीवाल निर्माण किये जाने की शिकायत कलेक्टर व पुलिस कप्तान के समक्ष की है। किसान का कहना है कि उनकी जमीन खसरा नं. 277 रकबा 1.27 हे. निजी स्वामित्व हक की है। शिकायत पत्र में उल्लेख करते हुए लिखा है कि मेरे द्वारा दिनांक 26.05.2026 को कलेक्टर की जनसुनवाई के तहत शिकायत दी गई थी, जिसमें कलेक्टर के द्वारा तहसील बड़वारा में तहसीलदार को जांच के लिए पत्र प्रेषित किया गया था जिसमें आज दिनांक तक किसी भी प्रकार की कोई जांच एवम कार्यवाही नहीं की गई है। जिससे व्यथित होकर पुनः दिनांक 16,06,2026 को पुनः जिला कलेक्ट्रेट में जाकर लिखित शिकायत की गई है एवम न्याय की मांग करते हुए गुहार लगाई गई है कि उनकी जमीन से रसूख के बल पर किये गए कब्जे को हटवाया जाए एवम उनकी जमीन पर बनवाई गई बाउंड्रीवाल को हटवाया जाए।

## खास बातें

### पथरिया क्षेत्र में अधिकारियों की कमी

पथरिया। क्षेत्रीय विधायक जब प्रदेश सरकार में मंत्री बनें तो लगा अब क्षेत्र के हालात बदलेंगे वर्षों से जिन विभागों में प्रभारी है वहां अधिकारियों की पदस्थापना होगी जिससे प्रशासनिक कसावट होगी लेकिन सोचने वाली बात है कि ढ़ाई वर्ष बीतने को है पर व्यवस्था में सुधार नही हो पा रहा है वर्षों से विभाग प्रमुख जो है वही अब भी है कई कार्यालय में अधिकारी नही प्रभारियों के भरोसे चल रहें। तहसील,जनपद,नगर परिषद,स्वास्थ्य,उच्च शिक्षा,शिक्षा विभाग, पशुपालन सब प्रभारी अधिकारी चला रहें हैं ऐसे में व्यवस्था में कहा तक सुधार होगा अंदाजा लगा सकते हैं। विगत दिनों शासन ने तबादला सूची जारी की गई जिसमें यहां से अधिकारी जा रहें हैं पर कोई आ नही रहा मतलब अपने अपने चहेते ही चलाएंगे ऐसा लग रहा। शासन भले लाख दावे करें कि योजनाओं का निचले स्तर तक आमजन को लाभ मिलें लेकिन जब तक अनुभवी अधिकारी नही रहेंगे तो व्यवस्था में सुधार नही हो सकता।

### गायत्री प्रज्ञापीठ बडखेरा कलार में संपन्न हुई भावभीनी श्रद्धांजलि सभा

हटा। समीपस्थ गायत्री प्रज्ञापीठ बरखेड़ा कलार में स्वर्गीय श्रीराम पटेल लंबरदार की पुण्य स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा श्रद्धा संवेदना और सामाजिक जागरण हेतु सम्पन्न की गई । रिश्तेदारों ग्रामवासियों तथा गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर दिवंगत आत्मा के प्रति श्रद्धा अर्पित की और ईश्वर से उनकी शांति एवं सद्गति की प्रार्थना की कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया तत्पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से गायत्री मंत्र महामृत्युंजय मंत्र का पाठ कर दो मिनट का मोन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की सभा को संबोधित करते हुए गायत्री परिवार के जिला समन्वयक देवेंद्र प्रसाद बोहरे तहसील समन्वयक डॉक्टर रूप सिंह राजपूत पंडित महेश पचोरी हरिनारायण चौकरया तथा लीलाधर पटेल ने कहा कि किसी प्रियजन की सच्ची स्मृति केवल औपचारिक आयोजनों से नहीं बल्कि उनके आदर्शों को जीवन में उतारने से जीवित रहती है उन्होंने विशेष रूप से मृत्यु भोज जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने का भी आवाहन किया । । श्रद्धांजलि सभा में अनूप श्रीवास्तव एडवोकेट प्रद्युमन सिंह राजपूत देवेंद्र चोकरया, नेताराम पटेल , लोकेंद्र प्रताप सिंह राजपूत , नर्मदा असाटी, हरगोविंद साव , महेश पटेल सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक परिजन एवं गायत्री परिवार के कार्यकर्ता उपस्थित रहे सभी ने पुष्पांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्मा को नमन किया तथा शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

### शासन-प्रशासन से ग्रामीण एवं पंचायत प्रतिनिधि बार बार लगा रहे गुहार

# सड़क समस्या के चलते मुहली, पण्डा व मड़िया के आदिवासी हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया



आजादी के इतने वर्ष गुजर जाने के बाद से लेकर आज भी ग्राम पंचायत मुहली, पण्डा एवं मड़िया के संभ्रांत गरीब,वंचित, आदिवासी एवं वन्य निवासी आवागमन जैसी अति मूलभूत डामर युक्त पक्की सड़क की समस्या से जूझ रहे हैं। समाज शिल्पी सुजात खान ने ग्राम मुहली, पण्डा एवं मड़िया का दौरा कर ग्रामीणों से प्राप्त अनुभव के आधार पर बताया कि इस सम्बंध में ग्राम वासियों एवं ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों व्दारा समय समय पर शासन- प्रशासन एवं सभी जबाबदार जनप्रतिनिधियों एवं विभागों के अधिकारियों को अनेकों बार विभिन्न प्रकार से अवगत कराया गया। ग्रामीणों व्दारा आवेदन- ज्ञापन, प्रस्ताव-स्टीमेट बनाकर भेजे गये। किंतु ग्रामीणों की डामर युक्त पक्की सड़क निर्माण की समस्या जस की तस आज भी बनी हुई है। ग्रामीणों को इस पहाड़ी एवं पिछड़े क्षेत्र मे आवागमन हेतु उबड़- खाबड़, बेतरतीब कच्ची सड़क के चलते आये दिन तरह-तरह की समस्याओं से रूबरू होना पड़ रहा है। बरसात के मौसम मे सभी तरह के वाहनों एवं उनके संचालकों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। कुव्यवस्थित खडडा युक्त सड़क पर नित आवागमन से महिलाओं, पुरुषों, बूढ़े बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं, स्कूली बच्चों आदि को बेहद परेशान होना पड़ रहा है। ग्रामीण खिलान आदिवासी, उजयार सिंह, कनई आदिवासी, दशरथ सिंह, हिम्मत सिंह आदिवासी आदि ने बताया कि कटनी- दमोह मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिये मुहली तक लगभग 03 किलोमीटर की पक्की सड़क, पण्डा तक लगभग 03 किलोमीटर पक्की सड़क तथा मड़िया तक लगभग 02 किलोमीटर तक डामर युक्त पक्की सड़क का निर्माण कार्य होना प्रस्तावित है। श्री खान को फोन पर सम्पर्क करने पर मुहली सरपंच सीमा यादव एवं सहायक सचिव राजेश यादव ने बताया कि पंचायत व्दारा विधिवत डामर युक्त पक्की सड़क निर्माण के लिये ग्राम सभा के प्रस्ताव पारित कर जबाबदार जनपद कार्यालय दमोह एवं पीडब्ल्यूडी विभाग दमोह को भेजे जा चुके हैं। संकल्प समाज शिल्पी सुजात खान ने बताया कि इस बारे मे फोन पर पीडब्ल्युडी विभाग के जबाबदार अधिकारी सब इंजीनियर हिमांशु पवार ने बताया कि उक्त ग्रामों की डामर युक्त पक्की सड़क निर्माण कार्य के प्रस्ताव को शासन-प्रशासन से विधिवत मंजूरी मिल चुकी है। विभाग व्दारा इस निर्माण कार्य की विधिवत डीपीआर बनाकर भोपाल कार्यालय भी अग्रिम कार्यवाही हेतु भेज दी गई है। अब भोपाल स्तर पर इनके निर्माण कार्य हेतु विधिवत टेन्डर प्रक्रिया सम्पन्न होगी। उसके बाद ही सम्भवतः बरसात के पश्चात उक्त डामर युक्त पक्की सड़क के निर्माण का कार्य ठेकेदार/ ऐजेंसी व्दारा शुरू हो जायेगा। ग्राम मित्र मण्डल के साथियों ने शासन-प्रशासन से व्यापक जनहित मे पक्की सड़क निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू एवं पूर्ण कराये जाने की सम्बधितों से मांग की है।

### राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 6 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

जबेरा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निर्देशन में इस समय संपूर्ण प्रदेश में किशोर अवस्था में स्वास्थ्य के संबंध में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक कार्यक्रम चलाया जा रहा है उसी क्रम में जनपद पंचायत जबेरा के ग्राम नोहटा में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के द्वारा राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (RKSK) के तहत ग्राम के सामुदायिक भवन में 6 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में 26 साथिया (पीयर एजुकेटर), 13 आशा कार्यकर्ता एवं 1 सहयोगिनी ने भाग लिया। प्रशिक्षण में मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर एवं सकल प्रजनन दर में कमी लाने के उद्देश्यों के साथ पोषण, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, नशा मुक्ति, मानसिक स्वास्थ्य, हिंसा एवं लिंग आधारित हिंसा, जलवायु परिवर्तन तथा सोशल मीडिया एवं इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग जैसे विषयों पर जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को तिरंगा आहार, कुपोषण, यौन संचारित संक्रमणों से बचाव, नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव, मानसिक स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण एवं साइबर सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया गया। प्रशिक्षण का संचालन आरकेएसके कार्यक्रम समन्वयक महेंद्र मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान जिला प्रशिक्षक नीलेश बंसल एवं गुलफशा खान ने विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया।

## शांति समिति की बैठक संपन्न



हटा। आगामी त्योहारों को शांति सद्भाव भाईचारे के साथ मनाए जाने हेतु पुलिस थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन तहसीलदार आलोक जैन एसडीओपी सौरभ त्रिपाठी टीआई सुधीर बेगी शिवम नगर के गाना जनों की उपस्थिति में आयोजित की गई जिसमें उपस्थित सभी समुदाय के लोगों ने अपने-अपने सुझाव दिए। बैठक के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बताया कि आगामी 26 जून को नगर में मोहर्रम पर्व मनाया जावेगा जिसमें नगर के आजाद वार्ड रमा कवि आजाद वार्ड बूढ़ा हटा ककराई नीम वाले बाबा साहेब के अलावा अन्य जगहों पर ताजियों का निर्माण किया जाता है जहां मोहर्रम के दिन सुबह ताजिया निकलते हैं जो मंदिर मस्जिद चौराहा बड़ा बाजार होते हुए शहर गस्त कराई जाती है जहां पर बिजली सड़क मार्ग एवं सुरक्षा व्यवस्थाएं बनाई जाने के संबंध में लोगों ने अपने सुझाव रखे। बैठक में मुस्लिम समुदाय द्वारा बताया गया कि मोहर्रम के पूर्व 25 तारीख की रात्रि को नगर की छोटी मस्जिद मदर छल्ला में अलाव का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है इसके उपरांत नगर हेतु सवारी निकलती है जहां पर व्यवस्थाएं बनाई जाने की बात रखी गई। बैठक में तहसीलदार व एसडीओपी ने सीएमओ राजेंद्र खरे को व्यवस्थाएं बनाने निर्देशित किया वहीं सुरक्षा व्यवस्थाएं बनाने थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया। इसके अलावा नदी के नाव घाट व घुराघाट पर साफ सफाई एवं लाइट की पर्याप्त व्यवस्था किए जाने का आश्वासन दिया गया। इसके अलावा बैठक में क्षत्रिय राजपूत समाज द्वारा आगामी 20 जून को महाराणा प्रताप की जयंती मनाई जाने हेतु व्यवस्थाओं के संबंध में क्षत्रिय समाज के प्रमुख लोगों द्वारा जानकारी से अवगत कराते हुए व्यवस्थाएं बनाने की बात रखी गई। बैठक में रामगोपाल जी मंदिर के महंत श्याम दास जी महाराज, बालाजी मंदिर महंत हरिराम दास जी, कुंवर पुष्पेंद्र सिंह हजारी, डा सीएल नेमा, डॉ संजय सिंह राजपूत, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सौरभ नेमा, बबलू राय, राजेंद्र सिंह राजपूत, बृजेंद्र सिंह राजपूत, सुनील राय, सुरेंद्र अग्रवाल, बृजेश गुप्ता, रामनाथ राय, यासीन खान, मजीद खान, शमशाद खान, राशिद सिद्दीकी, अंजार खान सहित नगर के सैकड़ो लोगों की उपस्थिति रही।

## पतलौनी में हुआ प्रवेशोत्सव कार्यक्रम



तेजगढ़ से एक किलोमीटर दूर ग्राम पतलोनी के पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल में दिनांक 16 जून 2026 को नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ अवसर पर प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, अभिभावक, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्प भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने, अनुशासन का पालन करने तथा मन लगाकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि, शशिक्षा जीवन को नई दिशा देने का सबसे प्रभावी माध्यम है। प्रत्येक विद्यार्थी में असीम संभावनाएँ होती हैं, जिन्हें सही मार्गदर्शन, अनुशासन और निरंतर प्रयास के माध्यम से निखारा जा सकता है। विद्यालय केवल पढ़ाई का स्थान नहीं, बल्कि संस्कार, व्यक्तित्व निर्माण और उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने का केंद्र है। प्राचार्य ने अभिभावकों से भी अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने एवं उनकी शिक्षा में सक्रिय सहयोग देने का आग्रह किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष ठा हीरा सिह सरपंच श्रीमती तिज्जा बाई सरपंच प्रतिनिधि बेडीसिह ठा खिलान सिह प्राचार्य जे एल अहिरवाल शिक्षक ठा जसवंत सिंह अनिल श्रीवास्तव बाबूलाल अहिरवाल ग्राम के जनप्रतिनिधि गणमान्य व्यक्ति बालक बालिकाएं रहे।

## चौरई के किसानों को मिली बड़ी राहत, फॉर्मर आईडी बनना प्रारंभ

तेंदूखेड़ा। पिछले लगभग छह माह से फॉर्मर आईडी नहीं बनने की समस्या से जूझ रहे ग्राम चौरई के किसानों को आखिरकार राहत मिल गई है। प्रशासनिक प्रयासों के बाद किसानों की फॉर्मर आईडी बनाने की प्रक्रिया पुनः प्रारंभ हो गई है, जिससे क्षेत्र के किसानों में खुशी का माहौल है। जानकारी के अनुसार तेंदूखेड़ा क्षेत्र के लगभग 186 गांवों में फॉर्मर आईडी बनने का कार्य सुचारू रूप से चल रहा था, लेकिन केवल ग्राम चौरई के किसानों की फॉर्मर आईडी तकनीकी कारणों से नहीं बन पा रही थी। इसके चलते किसान लंबे समय से परेशान थे। किसानों का कहना था कि फॉर्मर आईडी नहीं बनने के कारण उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। साथ ही खाद वितरण जैसी आवश्यक सुविधाएं भी प्रभावित हो रही थीं। समस्या के समाधान की मांग को लेकर किसानों ने सोमवार को कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष एवं जनपद अध्यक्ष के साथ तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा था। किसानों ने चेतावनी दी थी कि यदि दो दिनों के भीतर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस बीच तहसीलदार द्वारा लगातार इस समस्या के समाधान के लिए प्रयास किए जा रहे थे।

प्रशासनिक स्तर पर की गई कार्रवाई के बाद तकनीकी त्रुटि को दूर कर लिया गया है। तहसीलदार विवेक व्यास ने बताया कि ग्राम चौरई की फॉर्मर आईडी से संबंधित कोड में तकनीकी गड़बड़ी आ गई थी, जिसे कलेक्टर कार्यालय स्तर पर सुधार लिया गया है। इसके बाद किसानों की फॉर्मर आईडी बनना पुनः शुरू हो गया है। तहसीलदार श्री व्यास ने क्षेत्र के किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपनी फॉर्मर आईडी शीघ्र बनवा लें, ताकि उन्हें शासन की योजनाओं एवं कृषि संबंधी सुविधाओं का लाभ समय पर मिल सके।

# प्रस्तावित मदिरा दुकान के स्थानांतरण को लेकर वार्डवासियों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



नगर के वार्ड क्रमांक 11,12 एवं 13 के रहवासियों ने प्रस्तावित मदिरा दुकान के स्थानांतरण का कड़ा विरोध करते हुए मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सी.जी. गोस्वामी को ज्ञापन सौंपकर उचित कार्रवाई की मांग की। नागरिकों ने प्रशासन से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए प्रस्तावित स्थल पर मदिरा दुकान संचालित करने की अनुमति नहीं देने का आग्रह किया।

ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान में संचालित मदिरा दुकान को तारादेही रोड स्थित एक नए स्थान पर स्थानांतरित किए जाने की प्रक्रिया चल रही है। वार्डवासियों का कहना है कि प्रस्तावित स्थल घनी आबादी वाले क्षेत्र में स्थित है तथा इसके आसपास कई शैक्षणिक एवं धार्मिक संस्थान संचालित हैं। ऐसे में मदिरा दुकान के संचालन से क्षेत्र का सामाजिक एवं शैक्षणिक वातावरण प्रभावित होने की आशंका है। नागरिकों ने बताया कि प्रस्तावित स्थल के निकट आरुष किड्स एकेडमी, सरस्वती ज्ञान मंदिर एवं श्री शिव शिशु विद्यालय जैसे शिक्षण संस्थान संचालित हैं, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं अध्ययन के लिए पहुंचते हैं। इसके अलावा आसपास धार्मिक स्थल भी मौजूद हैं, जहां श्रद्धालुओं का नियमित आवागमन रहता है। वार्डवासियों का कहना है कि ऐसे संवेदनशील क्षेत्र में मदिरा दुकान खुलने से बच्चों, महिलाओं एवं आम नागरिकों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि इस संबंध में पूर्व में भी प्रशासन को आवेदन प्रस्तुत कर आपत्ति दर्ज कराई गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय सामने नहीं आया है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि स्थल चयन की प्रक्रिया में स्थानीय परिस्थितियों, जनभावनाओं तथा सामाजिक हितों को प्राथमिकता दी जाए।

वार्डवासियों ने आशंका व्यक्त की कि यदि प्रस्तावित स्थान पर मदिरा दुकान संचालित होती है तो क्षेत्र में अवांछित गतिविधियों की संभावना बढ़ सकती है, जिससे सामाजिक सौहार्द एवं शांति व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि जनहित को ध्यान में रखते हुए मदिरा दुकान के स्थानांतरण की अनुमति निरस्त की जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान वार्ड क्रमांक 12 की पार्षद दिव्या साहू दिनेश साहू, वार्ड क्रमांक 11 की पार्षद इंदु मालवीय रामकृष्ण मालवीय, विपिन सिंह ठाकुर, चेतन जैन, सुखबीर यादव, सरमन चक्रवर्ती, राकेश साहू, उमेश जैन, अमित जैन, निर्मल जैन, गुड्डू ठाकुर, खेमचंद घोसी, राजू जैन, हीरालाल दुबे रामलाल जैन तथा अन्य नागरिक उपस्थित रहे। वार्डवासियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो वे लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

## प्रवेश उत्सव के साथ स्कूलों में हुआ विद्यार्थियों का स्वागत

तेंदूखेड़ा। ग्रीष्मकालीन अवकाश के पश्चात मंगलवार से नगर एवं क्षेत्र के शासकीय विद्यालयों में प्रवेश उत्सव का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर विद्यालयों को आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा मुख्य द्वारों पर तोरण द्वार बनाकर विद्यार्थियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। विद्यालय पहुंचे बच्चों के माथे पर तिलक लगाकर उनका अभिनंदन किया गया, जिससे विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहा।नगर से लगभग दो किलोमीटर दूर स्थित पीएम श्री शासकीय मार्ग एकीकृत माध्यमिक शाला में भी प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय में विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। छोटे बच्चों को टॉफियां वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। लंबे अवकाश के बाद विद्यालय पहुंचे बच्चे भी अपने मित्रों एवं शिक्षकों से मिलकर काफी प्रसन्नचित्त नजर आए। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को निशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया, जिससे बच्चों को नए शैक्षणिक सत्र की पढ़ाई प्रारंभ करने में सुविधा मिलेगी। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने तथा मन लगाकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। प्रवेश उत्सव के समापन पर विद्यार्थियों को विशेष भोज कराया गया। विशेष भोज के अंतर्गत बच्चों को पूरी, सब्जी एवं खीर परोसी गई, जिसका बच्चों ने आनंदपूर्वक स्वाद लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह और उमंग देखने को मिली। कार्यक्रम में प्रधान अध्यापिका सीमा दुबे के नेतृत्व में विद्यालय परिवार ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इस अवसर पर शिक्षक दुर्गेश दुबे, रजनी लोधी, रितु श्रीवास एवं मीना नामदेव सहित अन्य विद्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहा।



## पुरुषोत्तम मास में रेलवे स्टेशन पर हुआ विशाल भंडारा

दमोह। पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर शहर में सेवा का क्रम निरंतर जारी है। श्री शिव साईं सेवाभाव परिवार द्वारा रेलवे स्टेशन परिसर में 17 मई से लगातार निःशुल्क प्रसाद वितरण किया गया, जिसके अंतर्गत जरूरतमंदों, यात्रियों और निराश्रितों को प्रतिदिन भोजन कराया जा रहा है। इसी सेवा अभियान के अंतर्गत 15 जून को सायं 6 बजे दमोह रेलवे स्टेशन पर विशाल भंडारे का सफल आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, यात्रियों एवं स्थानीय नागरिकों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में सेवा भाव की अनूठी मिसाल देखने को मिली, जहां स्वयंसेवकों ने पूरे समर्पण के साथ व्यवस्था संभाली। श्री शिव साईं सेवाभाव परिवार के कमलेश्वरानंद जी महाराज के मार्गदर्शन में आयोजित इस भंडारे में समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता रही। आयोजकों ने बताया कि उनका उद्देश्य पुरुषोत्तम मास में अधिक से अधिक लोगों तक सेवा और सहयोग पहुंचाना है। इस दौरान उपस्थित लोगों ने सेवा कार्य की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। भंडारे में डॉ आलोक गोस्वामी, कपिल दुबे, डाल चंद असाटी, रामकुमार नायक, रामकुमार सोनी, अरविंद चौबे, उमेश सोनी, नीलेश सेन, भूपेंद्र शर्मा, मुकेश सोनी, अभिषेक साहू, विवेक चौबे, वीरेंद्र पाठकर, भोले चौरसिया, भोला वर्मा, प्रकाश विश्वकर्मा, ललित गुप्ता, कृष्ण गुप्ता, अजय रैकवार, मनीष आहूजा, राजू नामदेव, अमित राय, विक्की ऋषि सोनी, राहुल सोनी, केशव नामदेव, नीरज सैनी, लालू शर्मा, दीपक मिश्रा, महेश तिवारी, ईश्वर दास शर्मा, सुरेश, गोकुल सेन, यीशु कमलेश दुबे, रामेश्वर गुप्ता श्रद्धालुओं ने सेवाभाव से अपनी सेवाएं दी।

## एक माह से लापता नाबालिग बालिका नागपुर से बरामद

दमोह। ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत चौकी फुटेरा थाना बटियागढ़ पुलिस ने एक माह से लापता नाबालिग बालिका को महाराष्ट्र के नागपुर से सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया।पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि के निर्देशन में की गई कार्रवाई में चौकी फुटेरा पुलिस एवं साइबर सेल ने मुखबिर की सूचना पर बालिका को खोज निकाला। आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के बाद बालिका को उसके परिवार को सौंप दिया गया। इस सफलता में चौकी प्रभारी आनंद कुमार, प्रधान आरक्षक भूपेन्द्र पटेल, महिला आरक्षक अंजली चौरसिया एवं

# इमलीडोल वासियों ने पेयजल संकट को लेकर 28 दिन बाद फिर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

तेंदूखेड़ा। ग्राम इमलीडोल के ग्रामीणों ने लगातार बनी हुई लगभग 1 माह पहले दिया समस्या उत्पन्न हुई थी इसे 4 दिन व्यवस्थित किया गया लेकिन फिर वही हाल । पेयजल समस्या को लेकर मंगलवार को दूसरी बार एसडीएम तेंदूखेड़ा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में 18 मई को भी उन्होंने जल संकट के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया था, लेकिन समस्या का स्थायी निराकरण नहीं हो सका है। ग्रामीणों के अनुसार, पहले ज्ञापन के लगभग दो दिन बाद गांव में कुछ समय के लिए जलापूर्ति प्रारंभ हुई थी, जिससे लोगों को राहत मिली थी। हालांकि यह व्यवस्था केवल चार से पांच दिनों तक ही सुचारू रूप से चल सकी और उसके बाद पुनः जल प्रदाय प्रभावित हो गया। वर्तमान में गांव के लोगों को पेयजल के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तथा कई परिवारों को दूर-दराज के स्रोतों से पानी लाना पड़ रहा है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित वर्तमान जलापूर्ति व्यवस्था प्रभावी ढंग से संचालित नहीं हो रही है। इसके कारण ग्रामीणों को नियमित रूप से पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। गर्मी के मौसम में स्थिति और अधिक गंभीर हो गई है, जिससे महिलाओं, बुजुर्गों एवं बच्चों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गांव में तत्काल जलापूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए तथा पेयजल संकट के स्थायी समाधान के लिए ग्राम इमलीडोल हेतु सिंगल विलेज स्कीम स्वीकृत कर शीघ्र लागू की जाए। उनका कहना है कि इससे भविष्य में जलापूर्ति संबंधी समस्याओं का स्थायी निराकरण संभव हो सकेगा और ग्रामीणों को नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही पेयजल व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो वे अपनी मांगों को लेकर आगे भी लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से आवाज उठाने के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे और सभी ने एक स्वर में गांव की पेयजल समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में राजरानी गौंड, मायारानी गौंड, अंजना गौंड, रचना बाई, अभिलाषा यादव, निशा बाई, भागसिंह ठाकुर, लखन सिंह ठाकुर, घूरन ठाकुर, नीरज यादव सहित लगभग 20 ग्रामीण शामिल रहे।

### छतरपुर की आशी यादव पहले प्रयास में बनीं असिस्टेंट प्रोफेसर

छतरपुर। जिले की प्रतिभाशाली छात्रा शिवशंकर सिंह यादव की बेटी आशी यादव ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की असिस्टेंट प्रोफेसर (भूगोल) परीक्षा में पहले ही प्रयास में सफलता हासिल कर छतरपुर का नाम रोशन किया है। आशी यादव का प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रदर्शन पहले से ही शानदार रहा है। वह एमपीपीएससी राज्य सेवा परीक्षा का प्रीलिम्स 3 बार उत्तीर्ण कर चुकी हैं और तीनो बार मेन्स परीक्षा में शामिल हुई हैं। लगातार प्रयास, धैर्य और मेहनत के दम पर आशी ने अब असिस्टेंट प्रोफेसर (भूगोल) परीक्षा में पहले ही प्रयास में सफलता हासिल कर एक नई उपलब्धि अपने नाम की है। उनकी इस सफलता से परिवार, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। आशी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और नियमित अध्ययन को दिया है। उनकी उपलब्धि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है।

# 20 जून से होगा श्रीमद् देवी भागवत का शुभारंभ कलश यात्रा को लेकर बैठक में दी जिम्मेदारियां

### भव्य शोभायात्रा से शुरू होगा नौ दिवसीय आयोजन, उपकाशी को दुल्हन की तरह सजाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



नगर के जवाहर वार्ड स्थित शिवशक्ति दुर्गा मंदिर प्रांगण में आगामी 20 जून से 28 जून तक आयोजित होने वाले नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा एवं शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ होगा।

#### बैठक में तय हुईं व्यवस्थाएं

मंगलवार शाम मंदिर प्रांगण में अजब धाम के पूज्य छोटे सरकार के सानिध्य में आयोजन समिति की बैठक हुई। बैठक में कलश यात्रा और कथा को भव्य बनाने के लिए अलग-अलग व्यवस्थाओं हेतु समितियां गठित कर जिम्मेदारियां सौंपी गईं। सदस्यों ने कलश यात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए अपने सुझाव रखे। छोटे सरकार ने मार्गदर्शन देते हुए सभी समितियों को उनके कार्यों से अवगत कराया। कलश यात्रा 20 जून को सुबह चंडी जी मंदिर से प्रारंभ होगी। यात्रा रतन बजरिया, बड़ा बाजार, मंदिर मस्जिद चौराहा, राय चौराहा, नायक तिगड्डा होते हुए कथा स्थल शिवशक्ति दुर्गा मंदिर पहुंचेगी। यात्रा मार्ग में सभी समाज के लोगों द्वारा जगह-जगह पुष्पवर्षा और आरती कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके लिए विभिन्न समाजों ने स्वागत की जिम्मेदारी ली है।

#### दुल्हन की तरह सजेगी उपकाशी

कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए नगर में जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए जा रहे हैं। उपकाशी हटा को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। नगरवासी अपने-अपने घरों और प्रतिष्ठानों को सजाने की तैयारी में जुटे हैं।बैठक में नगर के राजनीतिक, धार्मिक और समाजसेवी संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

**खास बातें**

## शराब पीकर वाहन चलाने वाले दो चालकों पर कार्रवाई

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन के तहत कोतवाली पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले दो व्यक्तियों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई की है।पुलिस ने विजय पटेल (24) निवासी कछयाना मोहल्ला एवं एजाज खान (32) निवासी पुराना बाजार को शराब के नशे में वाहन चलाते पकड़ा। दोनों के वाहन जब्त कर वैधानिक कार्रवाई की गई। इसके अलावा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध 9 चालान बनाकर 3,300 रुपये का समन शुल्क वसूला गया।कार्रवाई थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में की गई।

## जे.एल प्रजापति ने संभाला उप संचालक का कार्यभार

**दमोह।** मध्यप्रदेश शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के आदेश के परिपालन में श्री जगतलाल प्रजापति ने आज 16 जून को पूर्वान्ह में उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास, जिला दमोह का पदभार ग्रहण कर लिया है, उन्होंने अवगत कराया कि भविष्य में विभाग से संबंधित समस्त अर्धशासकीय एवं महत्वपूर्ण पत्राचार उनके नाम से किया जाए।

## यातायात अभियान में 101 वाहनों पर कार्रवाई

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष यातायात अभियान के तहत 15 जून को जिलेभर में 101 वाहनों पर चालानी कार्रवाई कर 51 हजार 500 रुपये का समन शुल्क वसूला गया।कार्रवाई के दौरान बिना लाइसेंस, बिना हेलमेट, तीन सवारी, बिना नंबर प्लेट, मॉडिफाइड साइलेंसर एवं शराब पीकर वाहन चलाने सहित यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के चालान बनाए गए। यह कार्रवाई यातायात थाना, कोतवाली, दमोह देहात सहित विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई।दमोह पुलिस ने नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने तथा हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की अपील की है।

### कलेक्टर ने किया सीमेंट फैक्ट्री का औचक निरीक्षण

# श्रमिक को उसका वैधानिक अधिकार मिले, श्रम कानूनों का पूर्णतः पालन हो- कलेक्टर

### श्रमिकों के अधिकारों में अनियमितता पाए जाने पर केस रजिस्टर कर नियमानुसार सख्त कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह




कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने आज नरसिंहगढ़ स्थित हेडलवर्ग सीमेंट फैक्ट्री का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्रमिकों से बातचीत में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित कलेक्ट्रेट रेट के अनुसार श्रमिकों को भुगतान नहीं किया जा रहा है तथा उनसे निर्धारित 8 घंटे से अधिक कार्य कराया जा रहा है। साथ ही ओवरटाइम का भुगतान भी नहीं दिया जा रहा है।निरीक्षण के दौरान श्रमिकों ने बताया कि उन्हें हेलमेट, सुरक्षा जूते, चश्मे सहित आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं और उन्हें अपने खर्च पर ये सामग्री खरीदनी पड़ रही है। इसके अतिरिक्त श्रमिकों को वेतन पर्ची नहीं दी जा रही है तथा भोजन करने के लिए उचित स्थान की भी व्यवस्था नहीं है।

कलेक्टर श्री यादव ने कहा श्रमिकों का भुगतान एकमुश्त और समय पर किया जाना चाहिए, जबकि वर्तमान में उन्हें किस्तों में भुगतान किया जा रहा है तथा कटौती भी की जा रही है। इन सभी मामलों में श्रमिकों के बयान दर्ज कर लिए गए हैं और संबंधित प्रबंधन के खिलाफ केस रजिस्टर कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### पार्किंग एवं सुरक्षा व्यवस्था सुधारने के निर्देश

श्रमिकों द्वारा वाहन चोरी और पेट्रोल चोरी की शिकायत पर कलेक्टर ने फैक्ट्री प्रबंधन को निर्देश दिए कि श्रमिकों के वाहनों के लिए परिसर के अंदर सुरक्षित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी प्रकार की क्षति या चोरी की घटना न हो।

निरीक्षण के दौरान एक श्रमिक ने बताया कि कार्य के दौरान दुर्घटना में उसके छह दांत टूट गए थे, लेकिन कंपनी द्वारा उसका उपचार नहीं कराया गया। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कार्यस्थल पर हुई दुर्घटना की स्थिति में श्रमिक का उपचार कंपनी की जिम्मेदारी है।

### श्रम विभाग को नियमित निगरानी के निर्देश

कलेक्टर श्री यादव ने श्रम विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय-समय पर निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि शासन के सभी निर्देशों का पालन हो रहा है। उन्होंने कहा कि श्रम विभाग के नियमों के अनुसार आवश्यक सूचना बोर्ड लगाए जाना अनिवार्य है, जो फैक्ट्री परिसर में नहीं पाए गए।

### स्थानीय श्रमिकों को प्राथमिकता देने की बात

कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि शासन की प्राथमिकता स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना है। हालांकि तकनीकी और विशेषज्ञता वाले कार्यों के लिए बाहर के श्रमिकों की आवश्यकता पड़ सकती है, फिर भी स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होने कहा जिला प्रशासन श्रमिकों के हितों के प्रति संवेदनशील है और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रत्येक श्रमिक को उसका वैधानिक अधिकार मिले तथा फैक्ट्री परिसर में श्रम कानूनों का पूर्णतः पालन हो।

इस दौरान कलेक्टर श्री यादव ने कार्यरत श्रमिको से चर्चा की और उनकी बाते व समस्याऍं सुनी तथा मिल रही मूलभूत सुविधाओं, मानदेय आदि के संबंध में चर्चा की जिसमें बहुत सी बाते सामने आई।

उन्होने श्रम अधिकारियों को त्वरित रूप से केस रजिस्टर्ड और सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम पथरिया निकेत चौरसिया और तहसीलदार वृंदेश पांडे तथा श्रम विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# दिनदहाड़े चोरी, लाखों के जेवरात व नगदी पर चोरों ने किया हाथ साफ



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंग्रामपुर

जबेरा थाना अंतर्गत सिंग्रामपुर चौकी क्षेत्र में मंगलवार को दिनदहाड़े चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाते हुए घर में घुसकर नगदी और जेवरात सहित लाखों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सिंग्रामपुर के टगरा मोहल्ला निवासी रोशनी रैकवार पति मदन रैकवार मंगलवार को अपने बच्चों के साथ अपनी मां का हालचाल जानने के लिए ग्राम लमतरा गई थीं। उनका एक पुत्र परीक्षा देने स्कूल गया हुआ था, जबकि पति मदन रैकवार ट्रक चालक हैं और काम के सिलसिले में दमोह गए हुए थे। घर पूरी तरह सूना होने का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने दोपहर के समय चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

बताया जा रहा है कि परीक्षा देकर जब बड़ा पुत्र घर लौटा और ताला खुला देखा घर के अंदर प्रवेश किया तो घर का पूरा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा मिला। गोदरेज और अलमारी खुली हुई थीं तथा सामान बिखरा पड़ा था। यह देखकर उसने तुरंत अपनी मां को सूचना दी। सूचना मिलने पर रोशनी रैकवार अपने भाई के साथ घर पहुंचीं और स्थिति देखकर सिंग्रामपुर पुलिस चौकी को घटना की जानकारी दी।

पीड़िता रोशनी रैकवार ने बताया कि चोर छत के रास्ते घर में दाखिल हुए और लॉकर तोड़कर अलमारी में रखी करीब 12 हजार रुपये की नगदी तथा सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। उन्होंने आशंका जताई कि चोरी की वारदात को किसी ऐसे व्यक्ति ने अंजाम दिया है जिसे परिवार की गतिविधियों और घर के खाली होने की पूरी जानकारी थी।

दिनदहाड़े हुई इस चोरी की घटना ने क्षेत्र में पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे पुलिस के डर के बिना दिन के उजाले में भी बड़ी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच के बाद जल्द ही आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा।

# मंगलवार जनसुनवाई में एसपी ने सुनीं लोगों की समस्याएं



**दमोह।** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की शिकायतें एवं समस्याएं सुनीं। इस दौरान प्राप्त आवेदनों के त्वरित एवं निष्पक्ष निराकरण के लिए संबंधित थाना प्रभारियों एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।एसपी ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान पुलिस की प्राथमिकता है। जनसुनवाई में एसडीओपी पथरिया प्रिया सिंधी, निरीक्षक फेमिदा खान, निरीक्षक अंजली अग्निहोत्री सहित पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा।

# सांसद ने किया जनसंपर्क अभियान, प्रबुद्धजनों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने हटा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मंडलों का दौरा कर प्रबुद्धजनों, समाजसेवियों, शिक्षकों, चिकित्सकों, व्यापारियों एवं अन्य प्रतिष्ठित नागरिकों से संवाद किया।

अभियान के दौरान सांसद श्री लोधी ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों तथा गरीब कल्याण से जुड़े प्रयासों की जानकारी देते हुए नागरिकों के सुझाव एवं विचार भी



प्राप्त किए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और जनसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं तथा शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है।

हिंडोरिया मंडल में मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह लोधी के साथ वरिष्ठ समाजसेवी मनोहर साहू एवं सेवानिवृत्त शिक्षक धनीराम चौरसिया से भेंट कर विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा की गई। कुम्हारी मंडल में मंडल अध्यक्ष के साथ वरिष्ठ आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. जी.पी. गुप्ता एवं सेवानिवृत्त शिक्षक फूल सिंह यादव से मुलाकात की गई।

पटेरा मंडल में सेवानिवृत्त शिक्षक प्रकाशचंद गुप्ता एवं समाजसेवी कोमलचंद जैन से संवाद किया गया। वहीं हटा नगर मंडल में मंडल अध्यक्ष सौरभ विजयनंदन के साथ राष्ट्रपति एवं राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक माधव पटेल, युवा साहित्यकार अजीत अवस्थी तथा चिकित्सक डॉ. विराजमोहन पांडे से विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

हटा ग्रामीण मंडल में मंडल अध्यक्ष गोपाल पटेल के साथ सेवानिवृत्त शिक्षक मूलचंद गोस्वामी, पूर्व सैनिक शिवनाथ अहिरवार एवं व्यापारी बलराम असाटी से भेंट की गई। वहीं मडियादो मंडल में मंडल अध्यक्ष कमलेश चौधरी के साथ प्रसिद्ध कथावाचक पं. गिरधारीशरण महाराज एवं वरिष्ठ व्यापारी कन्हैयालाल अग्रवाल से सौजन्य मुलाकात कर संवाद स्थापित किया गया। सांसद राहुल सिंह लोधी ने हटा स्थित गौरीशंकर मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम एवं जनकल्याण शिविर में भी सहभागिता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का लक्ष्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक विकास और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# एक ही रात में कई घरों के ताले टूटने से भय का आलम

**पटेरा।** पटेरा थाना क्षेत्र में एक बार फिर चोरों की सक्रियता ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। बीती रात चोरों ने एक साथ कई स्थानों पर चोरी के प्रयास को अंजाम देकर पुलिस व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। चोरों ने खासतौर पर उन घरों और कार्यालयों को निशाना बनाया जो खाली थे। जानकारी के अनुसार हटा रोड स्थित मुक्तिधाम के पास बने मकानों में चोरों ने धावा बोला। सुबह जब सरपंच महेश दुबे अपने कार्यालय पहुंचे तो वहां का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। चोर कार्यालय में रखी गोदरेज अलमारी को भी उठाकर करीब 200 मीटर दूर ले गए, जहां उसे तोड़कर खंगाला गया और बाद में वहीं छोड़कर फरार हो गए। इसी तरह मुलु साहू की गोदाम का भी ताला टूटा मिला। गोदाम के अंदर सामान बिखरा पड़ा था। इसके अलावा चोपड़ा रोड पर भी करीब तीन मकानों के ताले टूटे पाए गए और चोरी की वारदात सामने आई। दीपेंद्र सोनी ने भी गोदाम का ताला टूटने की शिकायत लेख कराई है। एक ही रात में 6-7 स्थानों पर चोरी की घटना से पटेरा नगर में भय और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं के बावजूद रात्रि गश्त व्यवस्था प्रभावी नजर नहीं आ रही है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि रात्रि गश्त को मजबूत किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके।

# प्रवेशोत्सवः शिक्षकों ने किया बच्चों का स्वागत

**दमोह।** ग्रीष्मकालीन अवकाश समाप्त होने के बाद 16 जून से कक्षा प्रथम से 12वी तक के सभी विद्यालय खुल चुके हैं विद्यार्थियों की कक्षाएं प्रारंभ हो गई हैं प्रथम दिन प्राचार्य व शिक्षकों ने विद्यालय आने वाले विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया। सभी विद्यार्थियों को पुस्तक वितरण कर दिया गया है, जिन विद्यार्थियों ने अभी तक पुस्तक नहीं ली हैं वे तत्काल अपनी पुस्तकें प्राप्त करें पालकों से आग्रह है कि विद्यार्थियों को प्रतिदिन विद्यालय भेजें ताकि वह पढ़ाई मैं पीछे न रह पाए। इस सत्र में इ अटेंडेंस की सख्ती के कारण सभी शिक्षक समय पर विद्यालय पहुंच रहे हैं अतः सभी पालकों से आग्रह है कि वह भी अपने विद्यार्थियों को नियमित विद्यालय भेजें ताकि पूर्ण समय तक विद्यालय में पढ़ाई का माहौल बना रहे। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सर्रा में प्राचार्य द्वारा कक्षा नवमी के विद्यार्थियों को साइकिल वितरण कर प्रवेश उत्सव मनाया गया।इसी तरह अन्य स्कूलों में जिन विद्यार्थियों ने पुस्तकें प्राप्त नहीं की थी उन्हें पुस्तक प्रदान कर कक्षाओं में प्रवेश कराया।

# आखिर क्यों ?नहीं हो रहा गैसावाद सीमेंट फैक्ट्री का निर्माण कार्य

**गैसाबाद।** सन 2019 में जब प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ ने ग्राम में सीमेंट फैक्ट्री खोले जाने की घोषणा की थी तब क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई थी क्षेत्र वासियों के अंदर यह आशा जागृत हुई थी कि अब हम लोगों को अपने गांव में ही काम मिलेगा युवा बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा लेकिन अफसोस की धीरे-धीरे लोगों की यह आशा निराशा में तब्दील होने लगी लगभग 6 वर्ष का लंबा समय बीत जाने के बाद भी सीमेंट फैक्ट्री का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होने से क्षेत्र में उदासी का माहौल निर्मित हो रहा है, प्राप्त जानकारी अनुसार 6 वर्ष जैसे लंबे समय में कंपनी द्वारा सिर्फ जमीन खरीदे जाने का कार्य ही किया गया है, और जमीन खरीदी में भी सीमेंट फैक्ट्री द्वारा भारी एनीमताएं किए जाने की शिकायतें किसानों द्वारा की गई थी किसानों ने हरिभूमि को बताया कि शुरू शुरू में कंपनी द्वारा 12 से 15 लाख रुपया प्रति एकड़ जमीन खरीदी गई थी इसके बाद कुछ किसानों की 15 से 20 लाख प्रति एकड़ के हिसाब से जमीन खरीदी गई थी और वर्तमान में कुछ गिने चुने बड़े किसानों की जमीन 30 से 40 लाख रुपया प्रति एकड़ के हिसाब से खरीदे जाने का मामला प्रकाश में आया है, जमीन खरीदी में कंपनी द्वारा किसानों के साथ किए गए भेदभाव के चलते किसानों में आक्रोश व्याप्त है, गौरतलब है कि गैसाबाद सीमेंट प्लांट के पहले मलिक सप्रिंगवे माइवेट लिमिटेड कंपनी श्री निवास द्वारा प्लांट की स्थापना योजना 393 हेक्टेयर जमीन और पड़ोसी जिला पन्ना से लाइमस्टोन लीज के साथ 2.20 मिलियन टन प्रतिवर्ष क्षमता का प्लान प्रस्तावित था, जिस पर बड़ी तेजी से सप्रिंगवे माइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा कार्य भी किया जा रहा था कुछ किसानों की जमीने भी खरीदी जा चुकी थी, लेकिन अचानक ही राजनीतिक उठा पटक के चलते सन 2020 में प्रदेश की कमलनाथ सरकार गिर जाने से फैक्ट्री का कार्य प्रभावित होकर अवरुद्ध हो जाता है सरकार गिरते ही कंपनी के मालिक बदल जाते हैं इस प्लांट को जेएसडब्ल्यू कंपनी के अंतर्गत स्थानांतरित कर दिया जाता है लगभग 6 वर्ष से जेएसडब्ल्यू कंपनी द्वारा सीमेंट फैक्ट्री निर्माण के नाम पर एक ईट भी नहीं लगाई गई हैं सिर्फ जमीन खरीदी पर ही फोकस किया गया है, अब तक के समय में सीमेंट फैक्ट्री के नाम पर मात्र उन लोगों को ही लाभ हुआ है जिनकी जमीन कंपनी द्वारा खरीदी गई है या फिर उन लोगों को लाभ हो रहा है जिनके गाड़ी वाहन कंपनी में लगे हुए हैं क्षेत्र की आम जनता को कंपनी से अभी तक कोई लाभ होता हुआ दिख नहीं रहा है कुछ युवा बेरोजगारों ने हरिभूमि को बताया कि कंपनी में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता नहीं दी जा रहा है कंपनी द्वारा जो सिक्योरिटी गार्ड की भर्ती की गई है उसमें अधिकांश बाहरी लोगों को प्राथमिकता दी गई है। यहां पर विचारणीय पहलू यह बनता है कि सन 2019 में गैसावाद सीमेंट प्लांट को स्वीकृति प्रदान की गई थी लेकिन 6 वर्ष बाद भी सीमेंट प्लांट का निर्माण नहीं होना कई सवाल खड़े करता है जबकि पड़ोसी जिला पन्ना के ग्राम पुरैना का सीमेंट प्लांट इसके बाद स्वीकृत हुआ था जो बनकर तैयार है और पिछले दो वर्षों से प्लांट पूरी गति से चल रहा है जिसमें सैकड़ो मजदूरों को युवाओं को रोजगार मिल रहा है। ग्राम में जेएसडब्ल्यू कंपनी द्वारा अभी तक सिर्फ कागजी घोड़े दोडाए जा रहे हैं महिला दिवस पर कुछ महिलाओं को खाना खिला देना, स्कूलों की पुताई करा देना, और लोगों के मनोरंजन के लिए क्रिकेट मैच का आयोजन करा देना ! क्या? इस सबसे गांव का विकास होगा? लोगों को रोजगार मिलेगा? यह सवाल बनता है यदि जेएसडब्ल्यू कंपनी को गांव एवं क्षेत्र के लिए कुछ करना ही है तो सबसे पहले उसे सीमेंट प्लांट का निर्माण कार्य प्रारंभ करना चाहिए क्षेत्रीय युवा बेरोजगारों को रोजगार मुहैया कराना चाहिए। संवाददाता द्वारा जब जब कंपनी के लोगों से कंपनी के संबंध में कुछ जानकारी लेने की कोशिश की गई तो हमेशा ही कंपनी के कर्मचारियों द्वारा यह कहकर पल्ला झाड़ा गया कि मैं कोई भी जवाब देने के लिए अधिकृत नहीं हू आप बड़े अधिकारी से बात करे और जब बड़े अधिकारी से दूरसंचार के माध्यम से बात करने की कोशिश की जाती है तो उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया जाता।

# पहले आवेदन, पहले निराकरण की नीति पर होगा काम - कलेक्टर

### जनसुनवाई में 350 आवेदनों पर हुई सुनवाई, राजस्व और सीमांकन के मामलों पर रहेगा विशेष फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह



कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा आज आयोजित जनसुनवाई में 313 आवेदन पंजीकृत हुए, जबकि कई लोग बिना पंजीकरण के भी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। कुल मिलाकर लगभग 350 आवेदनों पर विचार किया गया। सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे और संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया जो अधिकारी तहसीलदार, नायब तहसीलदार और एसडीएम जनसुनवाई में उपस्थित नहीं थे, उनसे दूरभाष और व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क कर आवेदनों के समाधान के निर्देश दिए गए। साथ ही साप्ताहिक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है।

कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से अनुभाग स्तर पर लगातार जनसुनवाई आयोजित की जा रही है। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे अपनी समस्याओं एवं आवेदनों को सर्वप्रथम अनुभाग स्तर पर प्रस्तुत करें, ताकि उनका निराकरण वहीं शीघ्रता से किया जा सके। इससे लोगों को अनावश्यक रूप से जिला स्तर पर आने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, जिससे उनके समय एवं आर्थिक संसाधनों की बचत होगी। उन्होंने कहा जनसुनवाई के प्रति लोगों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। प्रत्येक जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है तथा प्रशासन द्वारा सभी आवेदनों का बिना विलंब निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है

### सीमांकन प्रकरणों की बढ़ती संख्या पर कलेक्टर सख्त

कलेक्टर श्री यादव ने कहा इस बार सबसे अधिक मामले राजस्व विभाग और विशेष रूप से सीमांकन से संबंधित सामने आए हैं। इसे देखते हुए प्रशासन ने "पहले आवेदन, पहले निराकरण" की व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है, सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार को निर्देश दिए गए हैं कि आवेदनों का निराकरण उसी क्रम में किया जाए, जिस क्रम में वे प्राप्त हुए हैं, उन्होंने कहा संबंधित अधिकारियों से नियमित सूचियां भी मांगी जा रही हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसी व्यक्ति का कार्य प्रभाव या दबाव के कारण पहले न हो और लंबे समय से लंबित मामलों को प्राथमिकता से निपटाया जाए।

### बिजली बिलों की शिकायतों पर चेतावनी

जनसुनवाई में बिजली बिलों से जुड़ी शिकायतें भी बड़ी संख्या में सामने आईं। कलेक्टर ने कहा एक उपभोक्ता को 4 लाख रुपये का बिजली बिल भेजा गया था, जिसे उपभोक्ता फोरम ने जांच के बाद लगभग 1.50 लाख रुपये सही माना। यानी करीब 2.50 लाख रुपये का गलत बिल जारी किया गया था। इस पर नाराजगी जताते हुए कलेक्टर ने एमपीईबी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की मॉनिटरिंग करें और वास्तविक खपत के आधार पर ही बिल जारी करें। उन्होंने कहा पहले बिल बढ़ाना और बाद में उसे कम करना पूरी तरह गलत प्रक्रिया है, जिससे उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ती है और उन्हें कार्यालयों तथा उपभोक्ता फोरम के चक्कर लगाने पड़ते हैं।

### उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए

कलेक्टर श्री यादव ने कहा गलत बिलिंग और लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। प्रशासन का प्रयास है कि आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध और निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित किया जाए।

### जनसुनवाई में वृद्ध की समस्या का त्वरित निराकरण

कलेक्टर श्री यादव ने जनसुनवाई में बंदा टोला निवासी वृद्ध किशोरी लाल की शिकायत को ध्यानपूर्वक सुना और उनको भोजन भी कराया, उनके द्वारा बताया कि गांव के कुछ प्रभावी लोगो द्वारा उनके साथ मारपीट कर सामान ले जाने से रोका जा रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए उन्होने तत्काल टी.आई. को कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही जबेरा के नायब तहसीलदार को वृद्ध के साथ मौके पर भेजकर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई। ताकि प्रशासनिक सहयोग से किशोरी लाल सुरक्षित रूप से अपना सामान लेकर अपने नाती के पास जबलपुर रवाना हो सके।